तापमान
अधिकतम 38.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि

रायपुर, शनिवार 2 मई 2026



12 रिसदा स्कूल के मेधावी छात्राओं का मंत्री ने ...





13 गंगरेल के पानी से लबालब हुए तालाब








# भूस्खलन से किसान के खेत में हुआ 30-35 फीट गहरा गड्ढा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सिमगा

ब्लॉक के ग्राम चक्रवाय में कुदरत का एक अजीबोगरीब खौफनाक मंजर देखने को मिला है। शिवनाथ नदी के किनारे स्थित इस गांव में किसान नंद कुमार साहू के खेत में अचानक हुए भूस्खलन ने एक विशालकाय कुएं का रूप ले लिया है। रातों-रात जमीन के अंदर धंसने की इस घटना से इलाके में हड़कंप मच गया है

मिली जानकारी के अनुसार सिमगा ब्लॉक के ग्राम चक्रवाय जो शिवनाथ नदी के किनारे स्थित है, जहां महूं खार में किसान नंद कुमार साहू के खेत में 29 मार्च की शाम 5 बजे भूस्खलन से एक छोटा गड्ढा हो गया। जिसे गांव के गंगा राम ने सबसे पहले देखा और खेत के देखरेख करने वाले तिजलाल लहरे को इस बात की जानकारी दी। शाम को हुए अचानक गड्ढे ने सुबह तक एक विशाल गड्ढे का रूप ले लिया, जो 30 से 35 फीट चौड़ा और गहरा हो गया। जिसे देखने पर एक बड़ा कुआं जैसा लग रहा है।

ग्रामीण इस भूस्खलन को तरह-तरह की बातों को जोड़कर देख रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि यहां जरूर कोई गुफा या सुरंग रही होगी।

## छह साल पहले भी दूसरे किसान के खेत में भी धसी थी जमी

### जांच में जुटा प्रशासन

इस घटना की जानकारी सरपंच दौलत बंजारे ने एसडीएम अतुल शेटे को दी। जिस पर क्षेत्र के पटवारी को मौके पर भेजा गया। प्रशासन की ओर से अभी सुरक्षा के मद्देनजर वर्तमान में घटना स्थल पर रस्सी से घेरा किया गया है। फिलहाल अधिकारी खेत में हुए अचानक कुंआ नुमा गहरे गड्ढे के कारणों का पता लगा रहे हैं। ज्ञात हो कि आज से पांच छः वर्ष पूर्व शिवनाथ नदी के किनारे स्थित ग्राम तुलसी में नदी के बीचों बीच ऐसे ही गहरा गड्ढा हो गया था, जिसमें नदी का पानी समा गया था। ठीक उसी तरह चक्रवाय में भी खेत में हुए गड्ढे में नदी का पानी जा रहा है।



### पटवारी को मौका पर भेजा

मुझे घटना की जानकारी मिली है। बंधित हल्का पटवारी को मौका पर भेजा गया है तथा किन कारणों से खेत में लंबा चौड़ा गड्ढा हुआ उसके कारणों का पता लगाया जा रहा है। फिलहाल ग्रामीणों को गड्ढे के पास नहीं जाने हिदायत दी गई है।

-अतुल शेट, एसडीएम

## खबर संक्षेप

### पालिका की बैठक में महिला आरक्षण पर हुआ हंगामा

भाटापारा। नगरपालिका परिषद की सामान्य सभा की बैठक में जिसमें एजेंडा क्रमांक 8 में 131 संविधान संसोधन विधेयक नारी शक्ति अधिनियम 2023 विधेयक पारित नहीं होने के विरोध में निंदा प्रस्ताव के संबंध में चर्चा की गई। इसका कांग्रेस के नेता प्रतिपक्ष अजय ठाकुर व अन्य कांग्रेसी पार्षद ने आज इसका विरोध किया। अजय ठाकुर ने बताया कि आप महिला आरक्षण की बात करते हैं, जबकि सन 2023 में महिला आरक्षण पास हो चुका है, वहीं भाजपा द्वारा वर्ष 2023 में पारित महिला आरक्षण को तत्काल लागू करने की मांग करते हैं। भाजपा महिलाओं को गुमराह करने में लगी है। नेता प्रतिपक्ष अजय ठाकुर व कांग्रेसी पार्षदों ने इस बात को लेकर भी सवाल उठाया कि महिला संशोधन विधेयक जैसे महत्वपूर्ण विषय पर चर्चा हो रही है और सत्ताधारी भाजपा की निर्वाचित 11 महिला पार्षद सदन में बैठक में उपस्थित नहीं है।

### राष्ट्रीय लोक अदालत जिले में 9 मई को

**बलौदाबाजार**। जिला न्यायालय बलौदाबाजार, कुटुम्ब न्यायालय, श्रम न्यायालय, व्यवहार न्यायालय भाटापारा, कसडोल एवं सिमगा में आगामी 9 मई शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में किया जा रहा है। राष्ट्रीय लोक अदालत में विभिन्न न्यायालयों में लंबित ऐसे प्रकरणों का निराकरण आपसी सुलह-समझौते के आधार पर किया जाएगा, जो राजीनामा योग्य हैं। इसमें जिला न्यायालय, तहसील न्यायालय, कुटुम्ब न्यायालय, श्रम न्यायालय एवं राजस्व न्यायालय में लंबित मामलों को शामिल किया गया है। इसके अतिरिक्त बैंकिंग संस्थानों, बीमा कंपनियों, विद्युत सेवा एवं दूरसंचार सेवा प्रदाता कंपनियों से संबंधित बकाया राशि के विवादों का भी प्री-लिटिगेशन स्तर पर समझौते के माध्यम से निराकरण किया जाएगा।
लोक अदालत में दीवानी प्रकरण, राजीनामा योग्य आपराधिक मामले, मोटर दुर्घटना दावा प्रकरण,


▸▸ शेष पेज 12 पर


## जनसरोकार : सभी आवेदनों का मौके पर निराकरण, योजनाओं की दी जानकारी

# सुशासन तिहार के पहले दिन मिले 270 आवेदन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बलौदाबाजार

प्रदेशव्यापी सुशासन तिहार 2026 के अंतर्गत जिले में शुक्रवार से जनसमस्या निवारण शिविरों का शुभारंभ हुआ। ग्राम रिसदा के हाई स्कूल प्रांगण में आयोजित पहले शिविर का शुभारंभ राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष आकांक्षा गोलू जायसवाल एवं कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने किया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों को जल संरक्षण की शपथ भी दिलाई गई।

शिविर में ग्राम रिसदा सहित 18 गांवों के ग्रामीण बड़ी संख्या में शामिल हुए। समस्या, मांग एवं शिकायतों से संबंधित कुल 573 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 270 आवेदनों का मौके पर ही निराकरण कर दिया गया। शेष आवेदनों के त्वरित निराकरण कर संबंधित आवेदकों को सूचित करने के निर्देश अधिकारियों को दिए गए।

कार्यक्रम में मंत्री टंकराम वर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में प्रदेशभर में सुशासन तिहार आयोजित किया जा रहा है। यह ऐसा अवसर है, जब शासन और प्रशासन गांवों तक पहुंचकर लोगों की समस्याएं सुनते हैं और उनका समाधान करते हैं। उन्होंने कहा कि शिविर में सभी विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित हैं, जिससे लोगों को जिला या ब्लॉक कार्यालयों के चक्कर लगाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन, भारत स्काउट गाइड के उपाध्यक्ष विजय केशरवानी, जनपद सदस्य पवन वर्मा, डीएफओ गणवीर धम्मशील, सुनीता वर्मा, रवि वर्मा, सीईओ जिला पंचायत सुश्री दिव्या अग्रवाल, अपर कलेक्टर दीप्ति गौते सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।





### हितग्राहियों को मिला त्वरित लाभ

शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर योजनाओं की जानकारी दी गई। साथ ही हितग्राहियों को मौके पर ही विभिन्न योजनाओं के तहत लाभान्वित किया गया। खाद्य विभाग द्वारा राशन कार्ड, स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयुष्मान कार्ड एवं चश्मा, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा मनरेगा जॉब कार्ड, पीएम आवास योजना के तहत आवास की चाबी, मछली पालन विभाग द्वारा महाजाल एवं आइस बॉक्स, उद्यानिकी विभाग द्वारा फलदार पौधे तथा समाज कल्याण विभाग द्वारा मोटराइज्ड ट्राई साइकिल वितरित की गई। इसके अलावा खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा बच्चों को स्पोर्ट्स किट तथा कौशल विकास प्राधिकरण द्वारा युवाओं को सम्मान पत्र प्रदान किए गए।



### 1 मई से 10 जून तक लगाए जाएंगे शिविर

कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री की मंशानुरूप लोगों की समस्याओं का समाधान गांव स्तर पर ही करने के उद्देश्य से इन शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जिले में 1 मई से 10 जून तक ग्रामीण क्षेत्रों में 30 तथा नगरीय निकायों में 19 स्थानों पर शिविर आयोजित किए जाएंगे।

### हेल्थ कैम्प में ग्रामीणों को मिला मुफ्त उपचार

हेल्थ कैम्प में मिली मुफ्त उपचार सुविधा शिविर में स्वास्थ्य विभाग द्वारा हेल्थ कैम्प भी लगाया गया, जहां चिकित्सक, नर्स, फार्मासिस्ट एवं लैब टेक्निशियन की टीम मौजूद रही। ग्रामीणों को मुफ्त स्वास्थ्य परीक्षण, उपचार एवं डिजिटल एक्स-रे सुविधा का लाभ प्रदान किया गया।

## 12 होटलों का निरीक्षण नमूने प्रयोगशाला में प्रेषित

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बलौदाबाजार

कलेक्टर कुलदीप शर्मा के निर्देशानुसार /"सही दवा शुद्ध आहार यही छत्तीसगढ़ का आधार/" अभियान के तहत खाद्य सुरक्षा टीम द्वारा गुरुवार को बलौदाबाजार शहर के 12 विभिन्न होटलों का जांच की गई। इस दौरान जलेबी, बेसन लड्डू का नमूना संकलन कर विश्लेषण हेतु खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला प्रेषित किया गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार मानिकपुरी होटल, राजस्थानी भोजनालय एवं स्वीट्स, दुर्गा कैंटीन एवं होटल, बीकानेर स्वीट्स, रूपड़ा मिष्ठान भंडार, भगवती भंडार एवं राजेश होटल सहित कुल 12 होटल व रेस्टॉरेंट का गहन निरीक्षण कर, जलेबी, बेसन लड्डू का नमूना संकलन कर विश्लेषण हेतु खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला प्रेषित किया गया है, जांच रिपोर्ट प्राप्त होने उपरान्त आगे की कार्यवाही की जाएगी।



खाद्य कारोबारकर्ताओं को दृश्यमान स्थान पर लायसेंस प्रदर्शित करने, साफ-सफाई रखने, खाद्य पदार्थ को ढककर रखने व परोसने के लिए अखबारी पेपर का उपयोग नहीं करने, फर्मों में साफ पेयजल की व्यवस्था करने, फूड हैंडलर्स का स्वास्थ्य परीक्षण कराने, हँड ग्लव्स एवं हेड कवर पहनने के निर्देश खाद्य सुरक्षा अधिकारी द्वारा दिये गए।

## अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस पर श्रमिकों का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बलौदाबाजार

भारतीय जनता पार्टी झुग्गी-झोपड़ी प्रकोष्ठ जिला बलौदाबाजार-भाटापारा द्वारा अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस के अवसर पर श्रमिक सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों में कार्यरत मजदूरों का साल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मान किया गया।

- भाजपा झुग्गी-झोपड़ी प्रकोष्ठ ने साल व श्रीफल भेंट कर किया अभिनंदन

कार्यक्रम का आयोजन भाजपा झुग्गी-झोपड़ी प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक संजू नारायण सिंह ठाकुर के निर्देश पर किया गया। इस दौरान जिला प्रभारी बंटी शर्मा, सह प्रभारी मोहन चंद्राकर, जिला संयोजक योगेश वर्मा, भाजपा जिला कार्यालय मंत्री पुरुषोत्तम साहू, सहसंयोजक संतोष कश्यप एवं राजेश सिंह सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।



कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बंटी शर्मा ने मजदूरों को मजदूर दिवस एवं बुद्ध पूर्णिमा की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि किसी भी समाज, उद्योग और देश की प्रगति में मजदूरों और कामगारों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। उन्होंने कहा कि मजदूरों के बिना किसी भी औद्योगिक विकास की कल्पना नहीं की जा सकती। उन्होंने महात्मा गांधी के विचारों का उल्लेख करते हुए कहा कि


▸▸ शेष पेज 12 पर


## निपनिया में अंडरब्रिज निर्माण, लोकल ट्रेनें दो दिन रद्द

**भाटापारा**। अधोसंरचना विकास के तहत दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के रायपुर मंडल के निपनिया - भाटापारा सेक्शन के बीच किमी 755/07-09 पर स्थित लेवल क्रॉसिंग संख्या 380 पर रोड अंडरब्रिज का निर्माण किया जा रहा है। उक्त रोड अंडरब्रिज निर्माण के तहत रिलिविंग गर्डरों के लॉन्चिग हेतु ट्रैफिक-सह पावर ब्लॉक लिया जा रहा है। इसके फलस्वरूप कुछ यात्री गाड़ियों का परिचालन प्रभावित रहेगा। 3 एवं 6 मई को गाड़ी संख्या 68728 रायपुर-बिलासपुर मेमू पैसेंजर रद्द रहेगी। गाड़ी संख्या 68734

- 3 और 6 मई को रद्द रहेंगी ट्रेनें


▸▸ शेष पेज 12 पर







## आजादी के दशकों बाद भी कच्ची सड़क की कैद में लुकाऊपाली, सरकारी दावे फेल

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सेल

विकास के बड़े-बड़े दावों और कागजी आंकड़ों के बीच कसडोल ब्लॉक के ग्राम लुकाऊपाली की हकीकत बेहद दर्दनाक है। सोनाखान तहसील के ग्राम पंचायत छतवन से लगा यह गांव आज भी बुनियादी सुविधाओं के लिए तरस रहा है। आजादी के दशकों बाद भी यहां के ग्रामीण एक अदद पक्की सड़क को तरस रहे हैं, जो प्रशासन की उदासीनता की पोल खोलती है।

गांव को जोड़ने वाली मुख्य सड़क अब सड़क कम और पत्थरों का ढेर ज्यादा नजर आती है। ऊबड़-खाबड़ रास्ता और चारों तरफ फैले नुकीले पत्थर


▸▸ शेष पेज 12 पर




### अस्पताल और स्कूल जाना हुआ जोखिम भरा

जर्जर मार्ग के कारण सबसे ज्यादा परेशानी मरीजों और स्कूली बच्चों को हो रही है। ग्रामीणों का कहना है कि आपातकालीन स्थिति में एम्बुलेंस का गांव तक पहुँचना नामुमकिन हो जाता है, जिससे हर पल जान का जोखिम बना रहता है।ग्रामीण शंकर सिंग, अमृत लाल, लखन सिंग, प्राण सिंग, गोकुल, चमरा सिंग, बाबूसिंग, उत्तम सिंह और खिलेश्वर ने अपना आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा कि वे वर्षों से इस नरकीय स्थिति में रहने को मजबूर हैं। उनका एक ही सवाल है आखिर कब तक हमें इस बदहाल सड़क पर चलने को मजबूर किया जाएगा और कब हमारे गांव तक विकास का पहिया पहुँचेगा?




## खबर संक्षेप

### शांतिदेवी हायर सेकंडरी स्कूल का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट

**सुहेला।** शांति देवी हायर सेकंडरी स्कूल, सुहेला ने इस वर्ष भी बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कक्षा 10वीं में छात्र विवेक साहू ने 600 में से 555 अंक 92.5% प्राप्त कर विद्यालय एवं नगर में प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं गौरव वर्मा ने 88% अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इसी प्रकार कक्षा 12वीं में गणित संकाय से गीतांजली वर्मा ने 91.2% अंक प्राप्त किए, जबकि विशाल ने 88.6% अंक अर्जित किए। विज्ञान संकाय में सुरभि ने 84.3% अंक हासिल कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। विद्यालय के संचालक संतोष वर्मा एवं प्राचार्य शेखर वर्मा ने इस उपलब्धि पर सभी विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं अभिभावकों को बधाई दी।

### योजराज का 10वी बोर्ड में 81% अंक

**सेल।** बोर्ड परीक्षा में ग्राम सेल के



योगराज पाण्डेय ने 10 वीं बोर्ड परीक्षा में 81% अंक हासिल कर विद्यालय के साथ गांव को गौरवंतित किया। योगराज पाण्डेय गायत्री विद्या पीठ छरछेद का नियमित छात्र है और स्व. चतुरभूषण पाण्डेय एवं स्व. मीना पाण्डेय के सुपुत्र एवं प्रसिद्ध भागवत कथा वाचक पं. कीर्तिकुमार पाण्डेय के छोटे भाई है।

### पूर्णिमा ने 12वीं में हासिल किया 76.2 प्रतिशत अंक

**मुंडा।** विद्यादायनी शिशु मंदिर बरदा



की छात्रा पूर्णिमा वर्मा ने 12वीं कक्षा में 76.2 प्रतिशत हासिल किया। इस उपलब्धि पर पूर्णिमा वर्मा को तुलाराम वर्मा, चक्र सुदर्शन, सूमेर वर्मा, कमलेश, तुकाराम, अमरनाथ, मोरध्वज सहित प्राचार्य पुष्पेंद्र वर्मा, प्रधान आचार्य हरीश साहू ने हर्ष व्यक्त किया व उनके उज्वल भविष्य की कामना की ।

### दीपक अध्यक्ष, प्यारेलाल सचिव महेश लायंस क्लब के कोषाध्यक्ष

**रायपुर।** लायंस क्लब रायपुर सीनियर के सत्र 2026-27 के लिए पदाधिकारियों का गठन किया गया। चुनाव अधिकारी ला. सुनील गुप्ता एवं ला. डॉ. निरंजन हरितवाल ने महेंद्र मित्तल की अध्यक्षता में बुधवार को सामान्य बैठक ली। बैठक में लायन सदस्यों की उपस्थिति के साथ निम्न पदाधिकारियों का चयन सर्वसम्मति से लिया गया। चुनाव अधिकारियों ने बताया कि लायंस क्लब रायपुर सीनियर का अध्यक्ष दीपक प्रताप सिन्हा को बनाया गया। अन्य पदाधिकारियों में सचिव प्यारेलाल अग्रवाल, कोषाध्यक्ष महेश अग्रवाल, उपाध्यक्ष प्रथम अरविंद चौबे, उपाध्यक्ष द्वितीय- ला. दिवाकर अवस्थी, सहसचिव- ला. राजकुमार शर्मा, एलसीआईएफ चेयर पर्सन एमजेएफ संतोष गुप्ता, चेयर पर्सन सर्विस सुनील गुप्ता, क्लब एडमिनिस्ट्रेटर सुनील गुप्ता, मेंबरशिप चेयर पर्सन गजानंद अग्रवाल, चेयरपर्सन मार्केटिंग सचिन भँवरे, टेलट्विस्टर आनंद अग्रवाल, टेल टेमर प्रेमनारायण गुप्ता को बनाया गया।

## परीक्षा परिणाम : देवचरण ने 12वीं तो सुरभि वर्मा ने 10 वी में किया टॉप

# अनुशासन और शिक्षकों के मार्गदर्शन से मिली सफलता

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंडा

संघर्ष मेहनत और सपनों की उड़ान जब एक साथ मिलती है तो इतिहास बनता है। कुछ ऐसा ही कर दिखाया लवन क्षेत्र के ग्राम कोरदा निवासी जिसकी चर्चा इन दोनों क्षेत्र में हो रही है। एक सामान्य किसान परिवार में जन्मे देवचरण वर्मा पिता रामलला वर्मा जिन्होंने कक्षा 12वीं में 92.6 प्रतिशत अंक लाकर क्षेत्र का मान बढ़ाया। वहीं सुरभि पिता शैलेंद्र वर्मा जिन्होंने दसवीं में 96% अंक लाकर क्षेत्र के साथ-साथ छत्तीसगढ़ परगिया कुर्मी क्षत्रीय समाज लवन राज का मान सम्मान बढ़ाया है। सुरभि लवन के संत थॉमस स्कूल में पढ़ती है। क्षेत्र के होनहार एवं प्रतिभावान छात्र ने अपनी मेहनत, लगन और अनुशासन के बल पर शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर परिवार एवं क्षेत्र का नाम रोशन किया है। छात्र ने हाल ही में आयोजित परीक्षा में शानदार अंक प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। उनकी सफलता से विद्यालय, परिवार एवं मित्रों में खुशी का माहौल है। छात्र बचपन से ही पढ़ाई के प्रति गंभीर और





लक्ष्य के प्रति समर्पित रहे हैं। नियमित अध्ययन, समय प्रबंधन और शिक्षकों के मार्गदर्शन से उन्होंने यह उपलब्धि हासिल की। विद्यालय के शिक्षकों ने बताया कि छात्र पढ़ाई के साथ-साथ अन्य गतिविधियों में भी सक्रिय रहते हैं तथा उनका व्यवहार विनम्र और अनुशासित है। परिवारजनों ने बताया कि छात्र की सफलता के पीछे कठिन परिश्रम और सकारात्मक सोच का बड़ा योगदान है। उन्होंने कहा कि सीमित संसाधनों के बावजूद छात्र ने कभी हार नहीं मानी और लगातार आगे बढ़ने का प्रयास किया।

इस उपलब्धि पर विद्यालय प्रबंधन, शिक्षकगण एवं समाज के लोगों ने छात्र को शुभकामनाएं देते हुए उज्वल भविष्य की कामना की। क्षेत्र के युवाओं के लिए यह छात्र प्रेरणा स्रोत बनकर उभरे हैं, जो यह संदेश देते हैं कि मेहनत और समर्पण से हर लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है। ग्राम कोरदा निवासी देव चरण वर्मा एवं सुरभि वर्मा की इस शानदार सफलता पर देवनारायण वर्मा, प्रतिभा वर्मा, मानसिंह वर्मा, सोहन वर्मा, आशीष वर्मा, देवनाथ वर्मा, थान सिंह वर्मा, केवल वर्मा, पूरन वर्मा, रमेश वर्मा, केदारनाथ वर्मा के साथ-साथ कुर्मी समाज के नरेंद्र वर्मा, जीवराखन वर्मा, राम अवतार वर्मा, कोमल प्रसाद वर्मा, डॉ.अशोक वर्मा ( एमडी पैथोलॉजिस्ट) अमित कुमार वर्मा, तोष कुमार वर्मा, शिक्षक चूड़ामणि वर्मा, पारस वर्मा, मनोज कुमार वर्मा, बसंत वर्मा, केमल प्रसाद वर्मा, संतोष वर्मा, विनोद कुमार वर्मा, पंचायत सचिव डॉ हरिकिशन वर्मा, सरोज कुमार वर्मा, यावत वर्मा, सुरेश कुमार वर्मा, भीज राम वर्मा, नंदराम वर्मा, जनपद सदस्य एवं समाज सेवक शिव प्रसाद वर्मा, सुपर मल्टी स्पेशलिटी डेंटल क्लीनिक के संचालक डॉ धीरेंद्र वर्मा, डॉ हितेंद्र वर्मा सहित सभी ने बधाई देते हुए उज्वल भविष्य की कामना किए हैं।

### बंगोली स्कूल में बारहवीं का परीक्षाफल रहा 95.06 प्रतिशत

बंगोली। कक्षा बारहवीं में कला विषय 40 में 36 प्रथम श्रेणी, 3 द्वितीय तथा 1 अनुत्तीर्ण 97.5% प्रतिशत। वाणिज्य 16 में 14 प्रथम श्रेणी, 2 द्वितीय 100% प्रतिशत। जीव विज्ञान 16 में 15 प्रथम श्रेणी, 1 पूरक 87.5% प्रतिशत। गणित 9 में 7 प्रथम श्रेणी, 2 पूरक 77.8% प्रतिशत। इस तरह कुल 95.06% प्रतिशत परीक्षा परिणाम रहा। इसमें कामर्स संकाय से सुष्मिता वर्मा पिता ईश्वरी वर्मा 92.6%, काजल वर्मा पिता मनोज वर्मा 92.6%, कला संकाय से राजेश्वरी खुटे पिता राजकुमार खुटे 82.2% तथा विज्ञान संकाय से निखिल लहरे पिता उत्तम लहरे 85.2% प्रतिशत परीक्षाफल रहा। सभी उत्तीर्ण विद्यार्थियों को संस्था के गुरुजनों ने उज्जवल भविष्य की कामनाओं के साथ बधाई दी।

### हाई स्कूल कठिया का परीक्षा परिणाम 83.33% रहा

खरोरा। शासकीय हाई स्कूल कठिया नं. 1 का कक्षा 10वीं बोर्ड परीक्षा परिणाम 83.33% रहा। विद्यालय के कुल 27 विद्यार्थियों में से 11 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी, 11 विद्यार्थियों ने द्वितीय श्रेणी, 01 विद्यार्थी ने तृतीय श्रेणी



प्राप्त की। वहीं 2 विद्यार्थी कृपांक से उत्तीर्ण हुए तथा 2 विद्यार्थी असफल रहे। इस प्रकार विद्यालय का कुल परीक्षा परिणाम 83.33 प्रतिशत रहा, जो विद्यालय परिवार की मेहनत, अनुशासन एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षण का प्रमाण है। विद्यालय के मेधावी छात्र धनेश कुमार धीवर ने 83.66% अंक अर्जित कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। आंचल वर्मा ने 74.66% अंकों के साथ द्वितीय स्थान हासिल किया, जबकि रेणुका धीवर ने 71% अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया।

### संकुल पचरी का गौरव बने लक्ष्य यदु

खरोरा। संकुल केंद्र पचरी के प्राथमिक शाला आलेसुर के प्रतिभाशाली छात्र लक्ष्य यदु ने प्राथमिक



प्रमाण पत्र परीक्षा 2026, शिक्षा जिला रायपुर में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 94.50 प्रतिशत अंक अर्जित कर संकुल केंद्र पचरी में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। लक्ष्य की इस शानदार सफलता से विद्यालय परिवार, माता-पिता एवं पूरे क्षेत्र में हर्ष और गौरव का वातावरण है। लक्ष्य ने अपनी सफलता का श्रेय अपने निरंतर परिश्रम, शिक्षकों के मार्गदर्शन एवं परिवार के सहयोग को दिया। विद्यालय के प्रधान पाठक हेमलाल नेताम सहित शिक्षकगण परसराम देवांगन, जितेंद्र नेताम,महेश्वर एवं सुबोध कुर्रे ने छात्र की इस सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुए उज्ज्वल भविष्य की

### हायर सेकंडरी स्कूल खमरिया का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत

गोपालपुर। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खमरिया विकासखंड बिलाईगढ़ जिला सारंगढ़ के प्राचार्य एस एल पटेल ने बताया कि विद्यालय का कक्षा दसवीं एवं 12वीं का परीक्षा परिणाम 97% परीक्षा रहा। कक्षा दसवीं में 52 छात्र परीक्षा में बैठे थे, जिसमें से 39 प्रथम श्रेणी एवं 13 द्वितीय श्रेणी में पास हुए। इसी प्रकार कक्षा दसवीं का कमल पटेल 94.6 प्रतिशत प्राप्त किया। कक्षा 12वीं में कुल 79 विद्यार्थी थे, जिसमें 77 विद्यार्थि उत्तीर्ण हुए। गणित में 9 छात्र में सभी 9 प्रथम श्रेणी तथा विज्ञान में 39 छात्र में 35 प्रथम श्रेणी एवं 4 द्वितीय श्रेणी में पास हुए। कला में 21 छात्रों में 10 प्रथम एवं 11 द्वितीय श्रेणी तथा कृषि में 10 छात्र में से 4 प्रथम 4 द्वितीय एवं 2 छात्रा पूरक रहे। कक्षा 12वीं के सभी संख्याओं में से विज्ञान संकाय की छात्रा किरण साहू ने 88% प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम रही। विद्यालय के अच्छी परिणाम के लिए साले विकास समिति के अध्यक्ष सबद राम यादव, अंतराम साहू सरपंच ग्राम पंचायत खम्हारिया, भीष्म साहू विधायक प्रतिनिधि सदस्य गण डॉ. टेकलाल साहू,नारायण साहू सरपंच प्रतिनिधि गोपालपुर, दरस राम टंडन, विशेश्वर साहू, दुर्गेश दुबे, अनुज राम, गंगाराम यादव, लक्ष्यराम, रामेश्वर साहू, सहनु राम कर्ष, आत्मा राम प्रह्लाद मानिकपुरी उप सरपंच ने बधाई दी।







### शान्वी को 12वीं आईसीएसई परीक्षा में मिले 97 प्रतिशत अंक

सेल। छत्तीसगढ़ विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल की पोती शान्वी मित्तल ने



आईसीएसई बोर्ड कक्षा 12वीं की परीक्षा में 97 प्रतिशत अंक प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। उनकी इस शानदार सफलता पर दुनिया के कई प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों ने उन्हें प्रवेश के लिए ऑफर और स्कॉलरशिप की पेशकश की है। वह वेल्हम गर्ल्स स्कूल की होनहार छात्रा हैं। उनकी इस सफलता से परिवार सहित पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल है। शान्वी की इस उपलब्धि पर उनके दादा एवं पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल, दादी अंगुरी देवी अग्रवाल, पिता नितिन अग्रवाल एवं माता संध्या अग्रवाल ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह उनकी मेहनत और लगन का परिणाम है। इस उपलब्धि पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, क्षेत्रीय संगठन मंत्री अजय जामवाल तथा संगठन महामंत्री पवन साय सहित कई जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य व्यक्तियों ने उन्हें बधाई दी।

### रायखेड़ा विद्यालय का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट

खरोरा। स्वामी आत्मानंद हिंदी/अंग्रेजी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय रायखेड़ा का परीक्षा परिणाम शानदार रहा। इस वर्ष कक्षा दसवीं में 49 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हुए, जिसमें 48 विद्यार्थी उत्तीर्ण घोषित किए गए। प्रथम श्रेणी 22, द्वितीय श्रेणी 23 एवं तृतीय श्रेणी 03 रहे। दसवीं में प्रथम स्थान कुमारी संध्या धीवर 85% द्वितीय निर्मला पटेल 82.83 एवं तृतीय प्रेरणा वर्मा 81.5% रही। दसवीं का परीक्षा परिणाम 98% रहा। जबकि दूसरी बार कक्षा 12वीं में कला में कुल 23 विद्यार्थी शामिल हुए जिसमें प्रथम श्रेणी 17, द्वितीय श्रेणी 02 एवं तृतीय श्रेणी 01 रहे। विज्ञान संकाय में कुल 16 विद्यार्थी शामिल हुए जिसमें प्रथम श्रेणी 13 एवं द्वितीय श्रेणी 3 सफल हुए। वाणिज्य




संख्या में कुल 9 विद्यार्थी शामिल हुए जिसमें प्रथम श्रेणी 05 एवं द्वितीय श्रेणी 4 रहे। गणित संकाय 02 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हुए जिसमें प्रथम श्रेणी 01 एवं द्वितीय श्रेणी 01 रहे कक्षा 12वीं में प्रथम टिकेश्वरी चंद्रवंशी 88.4% ,द्वितीय हेम प्रकाश धृतलहरें 85.6%, तृतीय खुशबू जांगड़े 83.3% रही। इसी प्रकार अंग्रेजी माध्यम का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। परीक्षा परिणाम से प्राचार्य ज्ञानेश्वर वर्मा एवं पूरे स्टाफ तथा शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के सभी सदस्यों ने खुशी व्यक्त किए हैं ।

## शाश्वत स्कूल के छात्रों ने बोर्ड परीक्षा में लहराया परचम

**बलौदाबाजार।** शाश्वत स्कूल के विद्यार्थियों ने वार्षिक परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। कक्षा 12वीं, 10वीं, 8वीं एवं 5वीं के विद्यार्थियों ने शानदार अंक प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। परीक्षा परिणाम घोषित होने के बाद विद्यालय परिसर में खुशी का माहौल रहा।

कक्षा 12वीं में चंचल वर्मा ने 93.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर शीर्ष स्थान हासिल किया। वहीं माधुरी ने 93 प्रतिशत, अनुष्का बंजारे ने 92.6 प्रतिशत, रीति सोनी ने 87.8 प्रतिशत, जागृति ने 87 प्रतिशत तथा श्यामकुमारी ने 86.2 प्रतिशत अंक अर्जित किए।

कक्षा 10वीं में अमिता बंजारे ने 92.3 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। श्वेता मधुकर एवं पूजा ने 91-91 प्रतिशत, मुस्कान वर्मा ने 88.6 प्रतिशत, मंजीत ने 87.6 प्रतिशत तथा इच्छा वर्मा ने 86.5 प्रतिशत अंक हासिल कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया।

कक्षा 5वीं में वैभव लक्ष्मी सिदे ने 94.65 प्रतिशत अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट



प्रदर्शन किया। भूमि ने 93.9 प्रतिशत, भाग्यश्री वर्मा ने 92.5 प्रतिशत, साइका अंजुम ने 92.3 प्रतिशत, साक्षी नारंग ने 91.6 प्रतिशत, ऐश्वर्य ने 91.5 प्रतिशत, अंजली यादव ने 91.4 प्रतिशत एवं दिव्या मिरी ने 91.25 प्रतिशत अंक अर्जित किए। इसके अलावा कई विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर सफलता हासिल की।

कक्षा 8वीं में ओजस्वी वर्मा ने 97.13 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया। कामना ने 96.28 प्रतिशत, किरण ने 96.23 प्रतिशत, कुशाग्र पटेल ने 96.13 प्रतिशत, इंदु कुमारी खुंटे ने 94.98 प्रतिशत एवं डिंपल केवर्त्य ने 94.75 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। अन्य विद्यार्थियों ने भी 90 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

विद्यालय प्रबंधन एवं शिक्षकों ने सभी विद्यार्थियों को उनकी सफलता पर बधाई देते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की है।

### देवरी में हायर सेकंडरी स्कूल का बोर्ड परिणाम उत्कृष्ट



भाटापारा। शास उच्च माध्य विद्यालय देवरी के 10वीं का 78.2% एवं 12वीं का 85.4% रहा। दसवीं में श्रुती यादव 90.83 प्रतिशत के साथ विद्यालय में प्रथम स्थान, लीलावती 89.33% द्वितीय तथा पुष्पांजलि ने 87% अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं 12वीं बोर्ड परीक्षा में चंदा यादव 93% प्रथम, प्रार्थना वर्मा 92.8% द्वितीय तथा कुणाल आनंद 87.4% तृतीय स्थान प्राप्त किया।विद्यालय के बोर्ड परीक्षाओं में अच्छे प्रदर्शन पर विद्यालय के प्राचार्य दिनेश कुमार शर्मा ने विद्यार्थियों को बधाई दी।

### अर्चना ने 92.3 प्रतिशत अंक लाकर किया गांव का नाम रोशन

पलारी। ग्राम साराडीह की होनहार छात्रा अर्चना साहू ने 10वीं बोर्ड परीक्षा में 92.3 प्रतिशत अंक हासिल कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। उनकी इस शानदार सफलता से पूरे गांव में



खुशी का माहौल है और ग्रामीणों ने गर्व महसूस किया है। अर्चना की इस उपलब्धि ने न केवल उनके परिवार बल्कि पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है। अर्चना शुरू से ही पढ़ाई में मेधावी रही हैं और उन्होंने अपनी मेहनत, लगन और अनुशासन के बल पर यह मुकाम हासिल किया है। उनकी सफलता अन्य छात्रों के लिए भी प्रेरणादायक है। इस उपलब्धि पर सरपंच झूमुक साहू, पनमेश्वर साहू, रिद्धि साहू, खिलेश्वर साहू, मन्नू लाल साहू, दानी साहू, तेजराम साहू, देवचरण साहू, रामकिसून साहू, लुकेश, ठुकेश साहू, गजेंद्र साहू, डोमार साहू सहित समस्त ग्रामीणों ने अर्चना को बधाई एवं उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी हैं।

### गौरव ने कक्षा 12वीं में हासिल किए 94.2 प्रतिशत अंक

गोपालपुर। सम्भावी पब्लिक स्कूल भटगांव के गौरव साहू ने कक्षा 12 वी.में 94.2% लाकर कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। जो गांव एवं विद्यालय



क्षेत्र के लिए गौरवान्वित है। छात्र गौरव साहू से चर्चा करने पर बताया कि वह आगे चलकर इंजीनियर बनना चाहता। उन्होंने बताया कि हमेशा 10-12 घण्टा पढ़ाई करता था। उन्होंने आने वाले विद्यार्थियों के लिए संदेश दिया है कि पढ़ाई जीवन में मोबाइल से दूरी बनाकर रहे और अनावश्यक नहीं घूमना चाहिए। तब मंजिल तक पहुंचना संभव होगा, कक्षा में प्रथम स्थान लाने पर उन्होंने अपने माता-पिता एवं गुरु जन को श्रेय दी है । इस होनहार छात्र को अच्छा पर्सेंट लाने पर डॉक्टर टेकलाल साहू पूर्व जनपद अध्यक्ष, नारायण प्रसाद साहू पूर्व उप सरपंच, एवं क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों वरिष्ठ नागरिकों ने बधाई दी।

### रिसदा स्कूल के मेधावी छात्राओं का मंत्री ने किया सम्मान



रिसदा। ग्राम रिसदा में आयोजित सुशासन तिहार में उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रिसदा की छात्रा तुलसी वर्मा 12वीं में 80% एवं रोशनी घृतलहरे कक्षा 10 वीं में 88.8% अर्जित कर प्रथम स्थान प्राप्त करने पर मंत्री टंक राम वर्मा द्वारा मोमेंटो प्रदान कर सम्मान किया गया। बलौदाबाजार कलेक्टर कुलदीप शर्मा, डीएफओ जिला पंचायत अध्यक्ष, जनप्रतिनिधिगण, विद्यालय के शिक्षक गण उपस्थित थे।

## पेज 11 के शेष

### अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस ...

देश की तरक्की किसानों और कामगारों पर निर्भर करती है। सह प्रभारी मोहन चंद्राकर ने कहा कि हर श्रम करने वाला व्यक्ति सम्मान का अधिकारी है, लेकिन समाज में छोटे काम करने वाले मजदूरों को अक्सर उचित सम्मान नहीं मिल पाता। उन्होंने मजदूरों के योगदान को समाज की नींव बताया।

जिला संयोजक योगेश वर्मा ने कहा कि एक मजदूर अपनी मेहनत के बल पर बंजर भूमि को भी उपजाऊ बना सकता है। उन्होंने सभी से मजदूर भाई-बहनों के प्रति समरसता और सम्मान का व्यवहार करने की अपील की।

इस अवसर पर रोहित साहू, टिकेश्वर साहू, योगेश खुंटे, भेखलाल यादव, भवन खुंटे, राजकुमार बंजारे, कपिल कुमार बंजारे, रामनंद निषाद, लुकेश्वर सोनी एवं रमेश दहिया का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में मजदूर एवं भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। अंत में आभार प्रदर्शन पुरुषोत्तम साहू द्वारा किया गया।

### राष्ट्रीय लोक अदालत ...

परिवार न्यायालय से संबंधित विवाद, श्रम मामले, पराक्राम्य लिखत अधिनियम की धारा 138 के प्रकरण, किराया विवाद, बैंक वसूली प्रकरण, विद्युत चोरी के राजीनामा योग्य मामले, राजस्व प्रकरण सहित अन्य उपयुक्त मामलों का सुलभ एवं त्वरित निराकरण किया जाएगा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने आमजन से अधिक से अधिक संख्या में लोक अदालत का लाभ उठाकर अपने विवादों का आपसी समझौते से समाधान कराने की अपील की है।

### अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस...

बिलासपुर-गेवरा रोड मेमू पैसेंजर रद्द रहेगी। गाड़ी संख्या 68733 गेवरा रोड-बिलासपुर मेमू पैसेंजर रद्द रहेगी, गाड़ी संख्या 68719 बिलासपुर-रायपुर मेमू पैसेंजर रद्द रहेगी । 3 मई को गाड़ी संख्या 58203 कोरबा-रायपुर पैसेंजर रद्द रहेगी। गाड़ी संख्या 58205 रायपुर-नेताजी सुभाष चंद्र बोस (इतवारी) पैसेंजर रद्द रहेगी।

4 मई को गाड़ी संख्या 58206 नेताजी सुभाष चंद्र बोस (इतवारी)-रायपुर पैसेंजर रद्द रहेगी। गाड़ी संख्या 58202 रायपुर-बिलासपुर मेमू पैसेंजर रद्द रहेगी।

**बीच में समाप्त होने वाली गाड़ी :** 3 एवं 6 मई को झारसुगुड़ा से चलने वाली 68862 झारसुगुड़ा-गोंदिया मेमू पैसेंजर बिलासपुर में समाप्त होगी तथा बिलासपुर एवं गोंदिया के बीच रद्द रहेगी। वहीं गोंदिया से चलने वाली 68861 गोंदिया-झारसुगुड़ा मेमू पैसेंजर बिलासपुर स्टेशन से प्रारम्भ होगी तथा गोंदिया एवं बिलासपुर के बीच रद्द रहेगी।

### आजादी के दशकों...

वर्षों की उपेक्षा की गवाही दे रहे हैं। वर्तमान में धूल के गुबार ने ग्रामीणों का जीना मुहाल कर रखा है। मानसून के आते ही यह मार्ग दलदल में तब्दील हो जाता है, जिससे गांव का संपर्क बाहरी दुनिया से कट जाता है।

**प्रशासनिक उदासीनता चरम पर:** लुकाऊपाली की यह स्थिति न केवल प्रशासनिक लापरवाही को उजागर करती है, बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों में विकास के दावों की पोल भी खोलती है। अब देखना यह होगा कि खबर प्रकाशित होने के बाद क्या जिम्मेदार विभाग इस गंभीर समस्या पर संज्ञान लेता है या लुकाऊपाली के लोग इसी तरह कच्ची सड़क की कैद में रहने को मजबूर रहेंगे।

# संयुक्त टीम ने पोहा व दाल मिल में साफ- सफाई व स्वच्छता की जांच की

हरिभूमि न्यूज ⏭ भाटापारा

- स्वच्छता के अभाव में जग्गी पल्सेस को नोटिस जारी किया

सही दवा शुद्ध आहार, यही छत्तीसगढ़ का आधार अभियान के तहत संयुक्त टीम द्वारा खाद्य एवं औषधि के छोटेबड़े सभी दुकानों की जांच कर गुणवत्ता व सुरक्षा सुनिश्चित की जा रही है। इसी कड़ी में बुधवार को संयुक्त टीम द्वारा भाटापारा में पोहा व दाल मिलों का गहन निरीक्षण किया गया।

संयुक्त टीम द्वारा जग्गी पल्सेस, विजन फूड्स, मोनी पल्सेस, तिरूपति मिल एवं श्री साई बाबा उद्योग फर्मों से उड़द दाल, अरहर दाल व पोहा का नमूना संकलन कर विश्लेषण हेतु खाद्य परीक्षण




प्रयोगशाला प्रेषित किया। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने उपरान्त आगे की कार्यवाही की जाएगी।

जग्गी पल्सेस के उत्पादन इकाई में साफ-सफाई की कमी व पुराने कबाड़ पाए जाने के कारण खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम की धारा 55 के तहत नोटिस जारी किया गया। सभी पोहा व दाल मिल संचालकों को खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के लेबलिंग एंड डिस्प्ले रेगुलेशन 2020 के तहत पैक्ड खाद्य पदार्थों पर उत्पाद तिथि, बैच नंबर व पोषण सूचना आवश्यक रूप से अंकित करने के निर्देश दिये गए हैं।

### हेलमेट अनिवार्य करने के लिए सीएम का जताया आभार

**रायपुर।** नहरपारा विकास समिति के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को हाईवे पर हेलमेट अनिवार्य करने के लिए धन्यवाद दिया है। इस मौके पर समिति के अध्यक्ष रमेश आहूजा ने कहा कि नहरपारा विकास समिति केवल जनता के हित के ही कार्य करती है। 2023 से 2025 तक हेलमेट नहीं लगाने के कारण लगभग बीस हजार लोगों की अकाल मृत्यु हो चुकी है, इस निर्णय से अब आने वाले समय में हेलमेट अनिवार्य करने के कारण मृत्यु के आंकड़ों में 90 प्रतिशत तक की कमी आएगी। साथ ही श्री आहूजा ने धमतरी में सैनिक स्कूल खोलने के लिए रक्षा मंत्रालय को प्रस्ताव भेजने का भी स्वागत किया है। घरों तक गैस पाइप लाइन लगाने के निर्णय का भी स्वागत किया गया है तथा बहुप्रतीक्षित तीन पूर्व आईपीएस अधिकारियों संजय पिल्ले, मुकेश गुप्ता एवं आरके विज को पूर्ववर्ती सरकार द्वारा दुर्भावनावश की गई पदावनति आदेश रद्द करने को एक ईमानदारी पूर्ण निर्णय बताया है।

## खबर संक्षेप



### निपनिया में शराब की अवैध बिक्री जोरों पर

भाटापारा। निपनिया में अवैध शराब की बिक्री जोरों से चल रही हैं। कई बार पुलिस को नामजद शिकायत करने पर भी कोई कार्रवाई नहीं हुई है, जिससे अवैध शराब बेचने वालों का मनोबल बढ़ गया है। लेने वालों की ऐसी भीड़ लगी रहती हैं कि भट्ठी फेल है। यहां तक महिलाएं भी अवैध शराब बेचने लगी हैं, जो खुले आम बेची जा रही हैं। जनप्रतिनिधि द्वारा कई बार पुलिस सहायता केंद्र निपनिया में शिकायत करने पर अभी तक एक भी अवैध शराब बेचने वालों पर कार्रवाई नहीं की गई हैं। ऐसी स्थिति रहेगी तो जनप्रतिनिधि द्वारा आगे की कार्रवाई की जाएगी। अवैध शराब बिक्री बंद कराने ग्रामीणों ने निपनिया पुलिस सहायता केन्द्र में जाकर ज्ञापन सौंपा है।

### टीबी मुक्त पंचायत होने पर दशरमा के जनप्रतिनिधि हुए सम्मानित



रिसदा। सुशासन तिहार शिविर ग्राम रिसदा आयोजित शिविर में ग्राम जिले के पंचायत दशरमा को स्वस्थ टीबी मुक्त ग्राम घोषित कर महात्मा गांधी की प्रतिमा से सम्मानित किया गया। यह सम्मान ग्राम दशरमा के सरपंच मधु नीलकंठ साहू को दिया गया। उक्त सम्मान जिला पंचायत सीईओ दिव्या अग्रवाल, ब. बाजार जनपद फकीरचरण पटेल द्वारा दिया गया। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ शासन के राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा, कलेक्टर कुलदीप शर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष आकांक्षा जायसवाल, जपनद अध्यक्ष सुलोचना यादव, जनपद सदस्य जगमोहन घृतलहरे, 18 ग्राम पंचायतों के सरपंच पंच एवं जनप्रतिनिधगण सम्मिलित हुए।

### कांग्रेस ने बोरे-बासी खाने में भी कर डाला 8 करोड़ का घोटाला : कश्यप

रायपुर। प्रदेश के वन एवं सहकारिता मंत्री केदार कश्यप ने मजदूर दिवस पर बोरे-बासी खाने से जुड़े प्रदेश कांग्रेस



अध्यक्ष दीपक बैज के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा, कांग्रेस विलायती रीति-नीति को महत्व देती है, तभी तो मजदूर दिवस के दिन कांग्रेस के नेताओं ने कांग्रेस शासन काल में मजदूर दिवस के दिन बोरे-बासी खाने के नाम पर 8 करोड़ रुपए का घोटाला कर डाला। श्री कश्यप ने कहा, कांग्रेस ने जन-धन की लूट के लिए कोई दिन नहीं छोड़ा। आपदा को अवसर में बदलने वाली कांग्रेस पार्टी को छत्तीसगढ़ की पारंपरिक धरोहर एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों से कोई सरोकार नहीं है, उन्हें तो केवल प्रदेश एवं देश की जनता को केवल लूटना और भ्रमित करना है।

### कलेक्टर संजय कन्नौजे ने लोगों को दी शासन की योजनाओं की जानकारी

# सांस्कृतिक भवन में लगा सुशासन तिहार 20 आवेदनों का तत्काल निराकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भटगांव

राज्य सरकार द्वारा चलाए जा रहे हैं सुशासन तिहार समस्याओं का समाधान आपके शहर आपके ग्राम के तहत आज नगर भटगांव के सांस्कृतिक भवन में सुशासन तिहार शिविर का आयोजन किया गया। जहां जिला के कलेक्टर व नगर पंचायत अध्यक्ष, उपाध्यक्ष सहित समस्त अतिथियों ने कार्यक्रम की शुरूआत की। । वहीं सर्वप्रथम जिला के कलेक्टर डा. संजय कन्नौजे, जिला स्वस्थ अधिकारी डां.पुष्पेन्द्र वैष्णव, बिलाईगढ़ एसडीएम प्रफुल्ल रजक, प्रदेश प्रवक्ता वेदराम जांगड़े, नगर पंचायत अध्यक्ष विक्रम कुर्रे, उपाध्यक्ष प्रदीप देवांगन के साथ साथ भाजपा के नेता समस्याओं के समाधान शिविर में मौजूद रहे। शिविर में तहसीलदार निलिमा अग्रवाल, मुख्य नगर पंचायत अधिकारी देवनारायण पटेल, भाजपा मंडल अध्यक्ष धीरज सिंह दीक्षित, महामंत्री श्याम लाल साहू, खेलन यादव, रविन्द्र सिंह बनाफर, पूर्व मंडल अध्यक्ष झाडू चंद्रा, टंमक सोनी, मनोहर सरजाल, रमेश साहू, कमलकांत पटेल, जगदीश साहू, पार्षद व सभापति लीलाधर वैष्णव, देवेंद्र यादव, संतोष कुर्रे, महादेवा यादव, मनोहर टंडन, पार्षद प्रतिनिधि रमाकांत पटेल, रामा हिरवानी के साथ नगर पंचायत के अधिकारी कर्मचारी के नगरवासी भारी संख्या में उपस्थित रहे।

**महतारी वंदन, आवास योजना, सीसी रोड, हैंडपंप और राशनकार्ड के लिए आवेदन**





**शिक्षा और मूलभूत सुविधाओं से जुड़ी मांगें प्रमुख**

इस शिविर में महतारी वंदन, आवास योजना, सीसी रोड, हेंड पम्प सुधार, राशनकार्ड, तथा शिक्षा विभाग में भटगांव महाविद्यालय में बी,एस,सी, संकाय खोलने की मांग नये जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ में बीएडडीएड शिक्षा संस्थान खोलने की मांग जैसे कुल 123 आवेदन पत्र प्राप्त हुआ। जिसमें 109 मांग पत्र, 14 शिकायत, तथा 20 आवेदनों का तत्काल निराकरण नगर पंचायत द्वारा किया गया। मांग और शिकायत को विभिन्न विभागों में भेजा जायेगा। जहां वन विभाग के डिप्टी रेंजर सरोज जायसवाल से फोन कर शिविर में कैसे नहीं पहुंचे पुछा गया तब उनके द्वारा बताया गया कि हमें समस्या निवारण शिविर के बारे में कोई जानकारी नहीं है

**कलेक्टर ने किया स्टालों का निरीक्षण**

वहीं शासन की सुशासन तिहार में जिसमे जिला कलेक्टर ने शिविर में लगे सभी स्टालो का निरिक्षण करते हुए बाल विकास द्वारा लगाये गये स्टाल के पास पहुंच कर एक बच्चे का अन्न प्रसन्न कराया गया। स्वास्थ विभाग द्वारा आयुष्मान प्रमाण पत्र व निश्चय मित्र वितरण किया गया। इस कार्यक्रम में सभी विभागों के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे। वहीं उक्त शिविर में वन विभाग व जल संसाधन विभाग का एक भी स्टाल नहीं लगाया गया था।

## श्रमिक दिवस पर मनरेगा श्रमिक हुए सम्मानित, जल संरक्षण का लिया संकल्प



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस पर शुक्रवार को जिले के विभिन्न ग्राम पंचायतों में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) अंतर्गत कार्यरत श्रमिकों को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम के दौरान वी-बी जी राम जी के अंतर्गत अधिनियम के मुख्य बिंदुओं का श्रमिकों द्वारा सामूहिक वाचन किया गया, जिससे उन्हें अपने अधिकारों एवं कर्तव्यों के प्रति जागरूक किया जा सके। इस अवसर पर पंचायत प्रतिनिधियों द्वारा मनरेगा श्रमिकों का सम्मान कर उनके श्रम, समर्पण एवं ग्रामीण विकास में उनके महत्वपूर्ण योगदान की सराहना की गई।

साथ ही, मोर गांव मोर पानी अभियान के अंतर्गत जल संरक्षण एवं संवर्धन को बढ़ावा देने हेतु श्रमिकों द्वारा जल शपथ ली गई। उन्होंने वर्षा जल संचयन, जल के समुचित उपयोग एवं जल स्रोतों के संरक्षण के प्रति जागरूक रहने का संकल्प लिया। यह कार्यक्रम श्रमिकों के सम्मान, अधिकारों की जानकारी एवं जल संरक्षण के प्रति सामूहिक जिम्मेदारी को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

## गंगरेल के पानी से लबालब हुए तालाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार



■ निस्तारी के साथ भूमिगत जल स्रोत बढ़ने से पेयजल संकट से मुक्ति मिलेगी

नगर पालिका क्षेत्र अंतर्गत नगर के विभिन्न तालाबों में पानी भरने से जहां नगर वासियों को निस्तारी जल की आपूर्ति होने लगी। वहीं भूमिगत जल स्रोत के बढ़ने से पेयजल की तकलीफ भी कम होने से वार्ड में निवास रत जन सामान्य को बहुत राहत मिली है। कैबिनेट मंत्री टंकराम वर्मा से नगर में गंगरेल बांध एवं छुहिया बांध के माध्यम से पानी आपूर्ति किए जाने नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन ने मांग रखी, जिसे तत्काल पूर्ण करते हुए सिंचाई विभाग को निर्देशित कर नहर नाली के माध्यम से नगर के प्रमुख तालाबों में पानी पहुंचाया गया। इसके लिए कलेक्टर द्वारा दिए गए निर्देशानुसार विभागीय अधिकारियों ने तत्परता के साथ नहर नाली की सफाई कर अन्य आबंटित क्षेत्र को रोककर नगर में पानी आपूर्ति में सहयोग किया गया।

पालिका अध्यक्ष अशोक जैन ने कहा कि भीषण गर्मी के मौसम में तालाबों में पानी भरे जाने के लिए सभी पार्षदों ने भरपूर सहयोग किया। तालाबों के आसपास घाटों की सफाई के साथ तालाब से जुड़े नहर नाली की भी सघन रूप से सफाई कराई गई, जिससे तालाबों तक पानी आसानी से पहुंचाया जा सके। नगर के चिन्नास्वामी तालाब, धोबी तालाब, देवरहा तालाब, सोलहा तालाब, पिपराहा तालाब में पानी भरने का क्रम प्रारंभ है, साथ ही लोगों के मनोरंजन व शांत वातावरण में घूमने योग्य नगर पालिका द्वारा बनाए गए मुरूम तालाब में भी पानी भरा जा रहा है, जिससे चौपाटी की रौनक वापस लौटने लगी है। इस कार्य में प्रमुख रूप से सिंचाई विभाग के एसडीओ आलोक नागपुरे, सीएल जांगड़े, डिगेश्वर साहू वीर सिंह तन्द्रा, वीरेंद्र सिरमौर द्वारा नगर में मांग के अनुरूप हर संभव प्रयास करते हुए प्राथमिकता के साथ पानी आपूर्ति के लिए में सहयोग किया गया।

## जिले में जनगणना कार्य शुरू घर-घर पहुंच रहे प्रगणक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार





■ जिले में 2 हजार से अधिक कर्मी जनगणना में जुटे, डिजिटल मोड में हो रही जनगणना

राष्ट्रीय जनगणना कार्य क्री शुरुआत कलेक्टर कुलदीप शर्मा के मार्गदर्शन में आज से बलौदाबाजार -भाटापारा जिला में हो गया। जनगणना के प्रथम चरण में हाउस लिस्टिंग का कार्य प्रारंभ किया गया है, जिसके अंतर्गत प्रगणक घर-घर पहुंचकर परिवारों से निर्धारित जा न का री एकत्रित कर रहे हैं। यह कार्य पूरे मई माह तक संचालित किया जाएगा।

जनगणना कार्य के प्रथम चरण में मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना (एचएलओ) कार्य 1 मई से 30 मई 2026 तक किया जायेगा।जनगणना कार्यक्रम के तहत प्रगणक घर-घर जाकर मोबाइल एप का उपयोग कर डिजिटल डाटा संग्रह करेंगे। साथ ही लोगों द्वारा पोर्टल पर स्व-गणना के तहत भरी गई जानकारी का सत्यापन भी करेंगे। दोनों तरह से प्राप्त डाटा की बहुस्तरीय जांच होगी। पहले यह कार्य पर्यवेक्षकों द्वारा किया जायेगा। साथ ही चार्ज अधिकारी भी मैदान में जाकर पुनः सत्यापन कर त्रुटियां ठीक करायेंगे। मकान सूचीकरण व गणना के लिये जिले में 1861 प्रगणक व मॉनिटरिंग के लिए 309 सुपरवाइजर क्री ड्यूटी लगाई गई हैं।तहसीलदार व मुख्य नगर पालिका अधिकारी को चार्ज अधिकारी बनाया गया है।जिले में 9 तहसील व 8 नगरीय निकाय हैं।इस तरह जिले में कुल 17 चार्ज बनाए गए हैं।मकान सूचीकरण व गणना के लिये प्रत्येक चार्ज को हाउस लिस्टिंग ब्लॉक (एचएलबी) में विभाजित किया गया हैं जिसमें एक एचएलबी में 150 से 180 मकान संख्या रखा गया है। 17 चार्ज में कुल 1978 एचएलबी बनाए गए हैं। प्रत्येक प्रगणक को एक या 2 एचएलबी गणणा हेतु आवंटित किया गया है।

## सीमेंट प्लांट और वृहद उद्योगों में किया गया सेफ्टी ड्रिल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

कलेक्टर कुलदीप शर्मा के निर्देश पर जिले में स्थित सभी सीमेंट प्लांट एवं अन्य बड़े उद्योगो में को सेफ्टी ड्रिल का आयोजन किया गया। इस दौरान कोई दुर्घटना न हो इसके लिये कमियों को दूर करने व सुरक्षा उपाय का कड़ाई से पालन करने पर जोर दिया गया।

सहायक संचालक, औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा दिशा शुक्ला ने बताया कि संयंत्रों में सेफ्टी ड्रिल 25 अप्रैल से 30 अप्रैल तक किया गया। इस दौरान समस्त कारखाने के अधिकारी और कर्मचारियों कि समिति द्वारा सम्पूर्ण कार्यस्थलों का सुरक्षा की दृष्टि से निरीक्षण कर जानकारी में आई कमियों को दूर किया गया। कारखाने में असुरक्षित स्थिति से बचाव हेतु कारखाने के फायर टीम, बचाव टीम, मेडिकल टीम व अन्य द्वारा भागीदारी करते हुए सुरक्षा अभ्यास किया गया। इसमें दुर्घटना को रोकने हेतु दल द्वारा सुरक्षा उपकरणों, व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरणों का उपयोग करते हुए सुरक्षित कार्य पद्धति के उद्देश्य एवं महत्व पर प्रकाश डाला गया। श्रमिकों को श्रमिक दिवस पर बधाई एवं शुभकामना के साथ सेफ्टी ड्रिल कार्यक्रम सफलता पूर्वक संपन्न हुआ।



## न्यायालय के बोर में पार्षद ने लगाई पंप अधिवक्ता संघ ने जताया आभार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा

अधिवक्ता संघ के सदस्यों की मांग पर पार्षद योगेश ताम्रकार ने पूर्व में अधिवक्ता संघ के भवन के समीप पार्षद निधि से बोर खनन कराया था। जहां आज पार्षद सचिन जैन ने अपने पार्षद निधि से उस बोर में मोटर पंप लगवाया है। जिससे अधिवक्ता संघ सिमगा ने पार्षद सचिन जैन पूर्व पार्षद योगेश ताम्रकार का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि न्यायालय एसडीएम कार्यालय तहसील कार्यालय में कार्य लेकर पहुंचने वालों को लोगों को पेयजल की गंभीर समस्या से निजात मिलेगी तथा बोर में मोटर पंप लगने से अब लोगों को राहत मिलेगी। उन्हें पेयजल हेतु इधर उधर भटकने की आवश्यकता नहीं होगी। आभार व्यक्त करने वालों में प्रमुख रूप से अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष होरीलाल देवांगन, विष्णु सोनवानी, त्रिभुवन नायक, राजेश जैन, परीक्षित चतुर्वेदी, रामकुमार सोनकर, फरीद, धनीराम सोनकर, प्रशांत सेन, प्रशांत तिवारी, प्रहलाद तिवारी, लखन श्रीवास, अशोक डहरे, कलश निषाद, विश्राम चेलक, अनिल कुंभकार, आशीष तंम्बोली, बलराम साहू, हितेश सहित अन्य अधिवक्ता शामिल थे।

## जपं में एमएसएमई के लिए जिला स्तरीय संवेदनशीलता कार्यक्रम



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

जिले में सूक्ष्म एवं लघु मध्यम उद्यम एमएसएमई क्षेत्र के विकास एवं प्रोत्साहन के उद्देश्य से सभा कक्ष जनपद पंचायत भाटापारा में जिला स्तरीय संवेदनशीलता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम रैम योजना के अंतर्गत आयोजित किया गया। इसका उद्देश्य उद्यमिया, सह सहायता सदस्य समूह महिला, कारीगर तथा स्टार्टअप कार्यों को विभिन्न सरकारी योजना तकनीकी सुधार बाजार, अवसर एवं वित्तीय सहायता से अवगत कराना। कार्यक्रम का शुभारंभ कमलेश मांडवी द्वारा किया गया। उन्होंने कहा एमएसएमई क्षेत्र की अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डालते हुए रैंप योजना को तकनीकी उन्नयन क्षमता निर्माण बाजार, विस्तार एवं प्रतिस्पर्धा बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है

कार्यक्रम में रैंप योजना एवं एमएसएमई क्षेत्र से संबंधित प्रमुख नीतियों का विस्तार पूर्वक जानकारी प्रदान की गई एवं साथ ही डिजिटल समकक्षिता ई-कॉमर्स मार्केटिंग प्लेटफार्म उपयोग की प्रक्रिया पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में विशेषज्ञ द्वारा इंटर एक्टिव सत्र आयोजित किया गया एवं प्रतिभा भागीयो के प्रश्नों का समाधान किया गया। कार्यक्रम में मास्टर ट्रेनर वीर सिंह चतुर्वेदी विभागीय अधिकारी एवं विशेषज्ञ की उपस्थित थे।

### स्वच्छता एवं मूलभूत सुविधाओं पर विशेष जोर

## नपा अध्यक्ष समस्याओं का जायजा लेने वार्डों में पहुंचे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा



नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा एवं नवनियुक्त सीएमओ शिवकुमार यादव ने संयुक्त रूप से नगर के विभिन्न वार्डों का निरीक्षण किया। इस दौरान स्वच्छता व्यवस्था, जल निकासी, सड़क की स्थिति, सार्वजनिक प्रकाश व्यवस्था सहित समस्त मूलभूत नागरिक सुविधाओं का सूक्ष्म अवलोकन किया गया तथा वर्तमान स्थिति का वास्तविक आकलन किया।

निरीक्षण के दौरान कतिपय स्थानों पर स्वच्छता व्यवस्था में सुधार की आवश्यकता को रेखांकित किया गया। अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने नियमित साफ-सफाई की प्रक्रिया को बिना किसी व्यवधान के संचालित करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कचरा संग्रहण एवं निस्तारण की व्यवस्था को सुव्यवस्थित एवं समयबद्ध किया जाए। किसी भी वार्ड में गंदगी या कचरे का अनावश्यक जमाव न होने पाए।

जल निकासी एवं सार्वजनिक स्थल जल निकासी व्यवस्था को प्रभावी ढंग से बनाए रखने के लिए नालियों की नियमित सफाई के निर्देश दिए गए।

सार्वजनिक स्थलों चौक, बाजार, पार्क एवं सामुदायिक क्षेत्रों में स्वच्छता एवं सुव्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए अधिकारियों को जवाबदेह बनाया गया। अधिकारियों को दिए गए प्रमुख दिशा-निर्देश निरीक्षण के उपरांत अध्यक्ष एवं सीएमओ ने अधिकारियों को निर्देश दिये।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130


हरिभूमि
समाचार ही नहीं, विचार भी
सुनहरा मौका, सुनिश्चित उपहार 2026
प्रथम उपहार 1 कार
द्वितीय उपहार
3 नग बाईक
तृतीय उपहार
10 नग LED TV
चतुर्थ उपहार
5 नग फ्रीज
पांचवा उपहार
8 नग वासिंग मशीन
छठवां उपहार
15 नग गैस चूल्हा
सातवां उपहार
25 नग सिलिंग फैन
आठवां उपहार
40 नग ट्राली बैग
नवां उपहार
500 नग हॉट पॉट
दसवां उपहार
600 नग लंच बाक्स
ग्यारहवां उपहार
प्रत्येक प्रतिभागी को सांत्वना उपहार
नियम एवं शर्तें :- यह सुनहरा मौका, सुनिश्चित उपहार योजना 1 मई 2026 से 31 दिसम्बर 2026 की अवधि के लिए है। हरिभूमि के नये एवं पुराने पाठक इसमें भाग ले सकते हैं। महालक्की ड्रा. में भाग लेने वाले हर प्रतिभागी को एक सुनिश्चित उपहार जीतने का अवसर होगा। इस योजना अवधि में हरिभूमि समाचार पत्र में कुल 50 कूपन (35 सामान्य कूपन एवं 15 मास्टर कूपन) प्रकाशित किये जाएंगे। योजना में भाग लेने के लिये पाठकों को हरिभूमि में प्रकाशित फार्मेट पर उपरोक्त अवधि के दौरान समाचार पत्र में प्रकाशित 50 कूपनों में से कुल 30 कूपन (20 सामान्य एवं 10 मास्टर कूपन) चिपकाने होंगे। फोटोकॉपी या कटे-फटे कूपन व फार्मेट मान्य नहीं होगे। राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार के सभी नियम लागू होंगे। सुनहरा मौका सुनिश्चित उपहार योजना के विजेता को आयकर के नियम व शर्तें मान्य होगी। हरिभूमि निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। किसी प्रकार के विवाद में न्यायालय क्षेत्र रायपुर (छ.ग.) होगा। चित्र में दर्शाए गए उपहार वास्तविक उपहार से भिन्न हो सकते हैं। हरिभूमि कर्मचारी, एजेंट व उनके परिवार के सदस्य इस योजना के पात्र नहीं हो सकते।
आज ही हरिभूमि की प्रति बुकिंग करायें
हरिभूमि कार्यालय : पुजारी पार्क के सामने, पचपेढ़ी नाका रोड, टिकरापारा रायपुर
फोन : 0771-4242238, मो. 8224868411, 8319145740